देहरादून,पौड़ी-गढ़वाल व अल्मोड़ा से प्रकाशित
www.page3news.in
नगर संस्करण वर्ष 14 अंक: 181 पृष्ठ : 8 मूल्य: एक रूपए

विचार-प्रवाह...चाय पकौड़े के बाद पान



# पेज थ्री

देहरादून, शनिवार, 24 अगस्त 2019



मौसम अधिकतम 31.0° न्यूनतम 23.0°

36701.16

2 एफएटीएफ ने पाक को ब्लैक लिस्ट किया

7 कौन ले सकता है धोनी की जगह

# मंदी दूर करने के लिए बड़े ऐलान

## 5 लाख करोड़ से नकदी संकट दूर करेगी सरकार

■31 मार्च, 2020 तक खरीदे गए बीएस–4 वाहन नहीं होंगे बंद

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। देश में आर्थिक मंदी के हालातों को सुधारने के लिए केंद्र की मोदी सरकार ने टैक्स सुधारों का ऐलान किया है। देश में कैश फ्लो को बढ़ाने के लिए 5 लाख करोड़ रुपये सरकार बैंकों को देगी। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमन ने निवेश को बढ़ाने के लिए लॉन्ग टर्म और शॉर्ट टर्म कैपिटल गेन्स पर टैक्स सरचार्ज को वापस लेने की घोषणा की है। विदेशी संस्थागत निवेशकों यानी थ्व पर भी अतिरिक्त सरचार्ज को वापस लिया जाएगा। अब एक बार फिर से बजट से पहले की स्थिति पर वापस जाने का फैसला लिया गया है। बजट से पहले थ्व पर 15 फीसदी का सरचार्ज लगता था, जिसे बजट में 25 फीसदी कर दिया गया था। उन्होंने कहा कि कॉर्पोरेट सोशल रेस्पॉन्सिबिलिटी के उल्लंघन को उन्होंने क्रिमिनल केस न बनाने की बात कही। उन्होंने कहा कि इस पर सिर्फ जुर्माना ही लगेगा। स्टार्टअप्स पर लगने वाले एंजेल टैक्स की वापसी का भी फैसला लिया गया है।

**आरबीआई रेट कट का लाभ ग्राहकों तक पहुंचेगाः** इसके साथ ही वित्त मंत्री ने कहा कि बैंकों ने रेट कट का लाभ अब ग्राहकों तक पहुंचाने की सहमति जताई है। बैंकों से लोन लेने वाले ग्राहकों को राहत देते हुए वित्त मंत्री ने कहा कि लोन क्लोजर के 15 दिनों के भीतर सिक्यॉरिटी के लिए जमा किए दस्तावेज ग्राहकों को वापस करने होंगे। वित्त मंत्री ने अपनी प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान इकॉनमी का एक प्रजेंटेशन भी दिया। कुल 32 स्लाइड्स में निर्मला सीतारमन ने अर्थव्यवस्था की तस्वीर पेश की।



### जीएसटी खामियों को करेंगे दूरः निर्मला

साथ ही बैंकों के लिए 70,000 करोड़ रुपये का पैकेज रिलीज करने का ऐलान किया गया है। सरकार की ओर से आर्थिक सुधारों का जिक्र करते हुए वित्त मंत्री ने कहा कि जीएसटी में जो भी खामियां हैं, उसे दूर करेंगे। टैक्स और लेबर कानून में लगातार सुधार कर रहे हैं। यह कहना गलत है कि सरकार किसी का उत्पीड़न कर रही है। संपत्ति बनाने वाले लोगों का हम सम्मान करते हैं। उन्होंने कहा कि कंपनियों के विलय और अधिग्रहण की मंजूरी तेजी से दी जा रही है। वित्त मंत्री ने कहा कि टैक्स उत्पीड़न के मामलों पर रोक लगेगी।

### ऑटो सेक्टर के लिए भी किए राहतों के ऐलान

ऑटो सेक्टर के लिए भी बड़े ऐलान करते हुए वित्त मंत्री ने कहा कि मार्च, 2020 तक खरीदे जाने वाले बीएस–4 इंजन वाले वीइकल्स को चलाने में कोई भी दिक्कत नहीं होगी। रजिस्ट्रेशन फीस में इजाफे को भी जून, 2020 तक के लिए टाल दिया गया है। उन्होंने कहा कि इलेक्ट्रिक वीइकल्स पर सरकार के जोर के चलते पेट्रोल और डीजल वाली गाड़ियों के बंद होने की आशंका थी और इसके चलते बिक्री कम होने की शिकायतें आ रही थीं।

## संक्षिप्त समाचार

### बड़े संकट पर नीति आयोग के उपाध्यक्ष ने दी सफाई

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। देश की अर्थव्यवस्था के सामने 70 साल के सबसे बड़े संकट की बात करने वाली नीति आयोग के उपाध्यक्ष राजीव कुमार ने अब अपने बयान पर सफाई दी है। राजीव कुमार ने सफाई देते हुए ट्वीट किया, श्मैं मीडिया से आग्रह करता हूं कि मेरे बयान को गलत ढंग से दिखाना बंद करें। अर्थव्यवस्था को गति देने के लिए सरकार कड़े कदम उठा रही है और ऐसा आगे भी करती रहेगी। किसी भी तरह से घबराने और घबराहट का माहौल पैदा करने की जरूरत नहीं है। अर्थव्यवस्था में अच्छी स्थिति लाने के लिए सरकार प्रयास कर रही है।

### मूडीज ने भारत का आर्थिक विकास दर अनुमान घटाया

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। क्रेडिट रेटिंग एजेंसी मूडीज ने साल 2019 के लिए भारत के आर्थिक विकास दर अनुमान को घटाकर 6.2 फीसदी कर दिया है। इससे पहले, एजेंसी ने भारतीय अर्थव्यवस्था के 6.8 फीसदी की दर से आगे बढ़ने का अनुमान जताया था। एजेंसी ने साल 2020 के लिए जीडीपी विकास दर अनुमान को 7.30 से घटाकर 6.7 फीसदी कर दिया है। मूडीज ने एक बयान में बताया कि अर्थव्यवस्था में आई सुस्ती ने एशियाई निर्यात पर प्रतिकूल असर डाला है और कारोबार का अनिश्चित माहौल निवेश पर भारी पड़ा है।

### जन्माष्टमी के दौरान गिरी मंदिर की दीवार, 6 की मौत

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

कोलकाता। पश्चिम बंगाल में शुक्रवार को एक मंदिर की दीवार ढहने के कारण मलबे में दबकर 6 लोगों की मौत हो गई है। घटना पश्चिम बंगाल के उत्तर 24 परगना जिले में हुई है, जहां सैकड़ों श्रद्धालु जन्माष्टमी के मौके पर जन्मोत्सव के कार्यक्रम में हिस्सा लेने के लिए इकट्ठा हुए थे।

### पीएम मोदी के अच्छे काम की प्रशंसा होनी चाहिएः थरूर

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

तिरुवनंतपुरम। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता शशि थरूर ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अगर अच्छा काम करते हैं तो उसकी प्रशंसा होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि इससे जब पीएम मोदी गलती करेंगे तो हमारी आलोचना को विश्वसनीयता मिलेगी। थरूर का यह बयान ऐसे समय पर आया है जब कांग्रेस के दो बड़े नेताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को खलनायक की तरह पेश करने को गलत बताया है। थरूर ने एक ट्वीट के जवाब में ट्वीट किया, अगर आप जानते हों तो मैं 6 साल पहले से ही यह कहता आ रहा हूं कि जब नरेंद्र मोदी अच्छा कहें या अच्छा करें तो उनकी प्रशंसा होनी चाहिए।

# भारत अब नए सफर पर निकल चुका

### पीएम मोदी ने फ्रांस में भारतीय समुदाय के बीच अपनी सरकार की उपलब्धियों का जिक्र किया

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

पैरिस। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दो दिनों के फ्रांस दौरे के दौरान शुक्रवार को भारतीय समुदाय को संबोधित किया। मोदी–मोदी और भारत माता की जय के नारों के बीच पीएम मोदी ने कहा कि भारत और फ्रांस के साझा मूल्य हैं। पीएम ने अपने संबोधन में इशारों–इशारों में कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटाने का जिक्र करते हुए कांग्रेस पर कटाक्ष किया और कहा कि भारत में अब टेंपररी कुछ नहीं रहा, जो टेंपररी था उसको हमने निकाल दिया। उन्होंने कहा कि जो टेंपररी था, उसे निकालने में 70 साल लग गए। इस पर हंसा जाए या फिर रोया जाए।

बता दें कि अनुच्छेद 370 संविधान में अस्थायी प्रावधान के तौर पर जोड़ा गया था। मोदी ने कहा कि सिर्फ 75 दिनों में हमारी सरकार ने महत्वपूर्ण फैसले लिए। पीएम मोदी ने परिवारवाद, भ्रष्टाचार पर हमला बोलते हुए कहा कि नया भारत सपनों की राह पर चल पड़ा है। पीएम ने मोबलां की पहाड़ियों पर दुर्घटनाग्रस्त 2 विमान की याद में बने स्मारक का उद्घाटन भी किया। इस विमान में मशहूर वैज्ञानिक होमी जहांगीर भी सवार थे, जिनकी मौत इसी हादसे में हुई थी।

पीएम मोदी ने फ्रांस और भारत की दोस्ती पर जोर देते हुए कहा कि दोनों देश एक–दूसरे के सुख और दुख में खड़े रहे। पीएम ने कहा, मुझे लगता है कि भारत में फ्रांस की फुटबॉल टीम के जितने समर्थक हैं, उनकी जितनी संख्या भारत में है, उतनी शायद फ्रांस में भी न हो। जब फ्रांस ने वर्ल्ड कप जीता था तो भारत में भी जोर–शोर से इसका जश्न मनाया गया।

### पीएम बोले, फ्रांस और भारत की दोस्ती बहुत पुरानी है

पीएम मोदी जब मंच पर बोलने के लिए पहुंचे तो मौजूद लोगों ने तालियां बजाकर जोरदार अंदाज में स्वागत किया। पीएम ने फ्रेंच में भी लोगों का अभिनंदन किया। उन्होंने कहा, फ्रांस और भारत की मित्रता कोई नई नहीं है बल्कि सालों पुरानी है। ऐसा कोई मौका नहीं होगा जहां दोनों देशों ने एक–दूसरे का समर्थन नहीं किया या एक–दूसरे के साथ काम नहीं किया। जब भारत या फ्रांस में कोई अच्छी उपलब्धि होती है तो हम एक–दूसरे के लिए खुश होते हैं।

# आतंकियों की घुसपैठ की खुफिया जानकारी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

कोयंबटूर। तमिलनाडु में लश्कर–ए–तैयबा के आतंकियों की घुसपैठ होने की खुफिया जानकारी मिलने के बाद पड़ोसी राज्य केरल में अलर्ट जारी किया है और पुलिस अधिकारियों को गश्ती और तलाश तेज करने का निर्देश दिया गया है। एक आधिकारिक विज्ञप्ति में बताया गया है कि राज्य के पुलिस महानिदेशक लोकनाथ बेहरा ने शुक्रवार को जिला पुलिस प्रमुखों को पूरे राज्य में कड़ी चौकसी करने का निर्देश दिया है।

सूचना में कहा गया है कि जहां लोग ज्यादा संख्या में जमा होते हैं जैसे कि बस स्टैंडों, रेलवे स्टेशनों और हवाई अड्डों, वहां विशेष निगरानी रखी जाए। पुलिस महानिदेशक ने आम लोगों से भी कहा है कि अगर उन्हें कोई भी संदिग्ध गतिविधि या वस्तु नजर आती है तो वे उसकी सूचना पुलिस को दें। तमिलनाडु में भी सुरक्षा व्यवस्था चाक चौबंद कर दी गई है।

### साजिश

खुफिया जानकारी के बाद केरल में अलर्ट

### सीमा क्षेत्रों में वाहनों की चेकिंग

पुलिस ने बताया कि कोयंबटूर में गहन गश्त हो रही है। शहर में और सीमा क्षेत्रों में वाहनों की जांच तेज कर दी गई है। सूत्रों ने बताया कि घुसपैठियों की पहचान या उनकी राष्ट्रीयता के बारे में अभी पता नहीं चल पाया है लेकिन उनमें से एक व्यक्ति पाकिस्तान का है।



### तटीय जिलों को भी किया गया अलर्ट

पुलिस के अनुसार खुफिया जानकारी इस ओर इशारा करती है कि श्रीलंका से समुद्री रास्ते के जरिए राज्य में लश्कर–ए–तैयबा के छह आतंकवादी आए और कोयंबटूर समेत अन्य शहरों में जा चुके हैं। पुलिस ने बताया कि राज्य में हवाई अड्डों, रेलवे स्टेशनों, बस स्टैंड और पूजा स्थलों समेत कई जगहों पर सुरक्षा कड़ी कर दी गई है। उन्होंने बताया कि आगे किसी भी संभावित घुसपैठ को रोकने के लिए खासतौर पर तटीय जिलों में अलर्ट जारी किया गया है।

# पी.चिदंबरम को सुप्रीम कोर्ट से सोमवार तक राहत,सिब्बल ने हाईकोर्ट पर उठाए सवाल

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। आईएनएक्स मीडिया केस में पूर्व केंद्रीय मंत्री पी चिदंबरम की अग्रिम जमानत की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को सुनवाई की।

इस दौरान चिदंबरम के वकील कपिल सिब्बल ने गंभीर आरोप भी लगाए। सिब्बल ने कहा कि बहस पूरी होने के बाद सॉलिसिटर जनरल ने हाई कोर्ट के जज को एक नोट दिया, हमें उस नोट पर जवाब देने का भी मौका नहीं दिया गया।

सुप्रीम कोर्ट ने 26 अगस्त तक चिदंबरम को ईडी की गिरफ्तारी से राहत देते हुए सोमवार को मामले की सुनवाई करने की बात कही।

*Are you Planning to make a Website or already have ?*

*If yes, then we are here to serve you*

What we do

**Website Development**
All type of Websites E-Commerce, Hotel Booking, Travel, Bus Ticket Booking, News Portal, Blogs, or as per client requirement.

**Promotion & Branding**
1. Website Promotion & Branding in any country (200+ Countries)
2. Social Media
3. Bulk SMS

**Search Engine Optimisation**
A-2-Z Work to make a Website Search Engine Friendly.
You tell us, we do it.

Contact:
**Gadoli Media Ventures**
Shivam Market, 2nd Floor, Darshan Lal Chowk, Dehra Dun. | Mob: 9319700701, 7579011930
E-Mail: contact@gadoli.in